**326**

# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2022 (ANNUAL)

## I. A.

Time :- 3 Hours 15 minutes
समय : 3 घंटे 15 मिनट

## Economics (Elective)

## अर्थशास्त्र (ऐच्छिक)

Full Mark - 100
पूर्णांक – 100

**कुल प्रश्नों की संख्या : 100+30+8=138**

**Total No. of questions : 100+30+8=138**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

***Instructions for the candidates :-***

1. परीक्षार्थी उत्तर–पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।

   Candidates must enter his/her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.

2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

   Candidates are required to give answers in their own words as far as practicable.

3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

   Figures in the right hand margin indicate full marks.

4. इस प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

   15 minutes of additional time has been allotted for the candidates to read the question paper carefully.

5. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है : **खण्ड–अ** एवं **खण्ड–ब।**



BiharboardQuestionpaper.com

This question paper has two sections : Section-A and Section-B.

6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए OMR उत्तर पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है; अन्यथा परिणाम अमान्य होगा।

In Section-A, there are 100 objective type questions, out of which any 50 questions are to be answered. If more than 50 questions are answered, then only first 50 will be evaluated. Each question carries 1 mark. Darken the circle with blue / black ball pen against the correct option on the OMR Answer Sheet provided to you. Do not use Whitener / liquid / blade / nail etc on OMR Answer Sheet, otherwise the result will be invalid.

7. खण्ड–ब में 30 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त इस खण्ड में 8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं, जिनमें से किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

In Section-B, there are 30 Short answer type questions. Each carries 2 marks, out of which any 15 questions are to be answered. Apart from this there are 8 Long answer type



BiharboardQuestionpaper.com

questions. Each question carries 5 marks, out of which any 4 questions are to be answered.

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

Use of any type of electronic appliance is strictly prohibited.

## खण्ड–अ / Section-A

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR–उत्तर पुस्तिका पर चिन्हित करें। 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों का ही उत्तर देना है। (50x1=50)

Question No.- 1 to 100 have four options, out of which only one is correct. You have to mark your selected option on the OMR-Answer Sheet. Out of 100 questions any 50 questions are to be answered. (50x1=50)

1. 'सम सीमान्त उपयोगिता नियम' को किस नाम से जाना जाता है?

(A) प्रतिस्थापन का नियम (B) गोसन का दूसरा नियम

(C) अधिकतम संतुष्टि का नियम (D) इनमें से सभी

"The Law of Equimarginal Utitlity" is known by which name?

(A) Law of Substitution (B) Second Law of Gossen

(C) Law of Maximum Satisfaction (D) All of these

2. आधुनिक अर्थशास्त्रियों ने 'अवसर–लागत अवधारणा' का प्रयोग निम्न में से किसके बदले किया ?

(A) आगम (B) लागत

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

Modern Economists applied the concept of ‘Opportunity Cost’ in place of which of these ?

(A) Revenue (B) Cost

(C) (A) and (B) both (D) None of these

3. दीर्घकालीन उत्पादन–फलन का संबंध है –

(A) पैमाने के प्रतिफल से (B) उत्पत्ति ह्रास नियम से

(C) परिवर्तनशील अनुपातों के नियम से (D) इनमें से कोई नहीं

Long-run Production Function is related to –

(A) Returns to scale (B) Law of Diminishing Return

(C) Law of Variable Proportions (D) None of these

4. निम्नलिखित में से क्या सूक्ष्म अर्थशास्त्र से संबंधित है ?

(A) उत्पादन फलन (B) वितरण

(C) मूल्य निर्धारण (D) उपर्युक्त सभी

Which of the following is concerned with Microeconomics ?

(A) Production-Function (B) Distribution

(C) Price Determination (D) All the above

5. पूर्ति वक्र की ढाल होती है –

(A) धनात्मक (B) ऋणात्मक

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें कोई नहीं

The slope of supply curve is –

(A) Positive (B) Negative

BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

(C) (A) and (B) both (D) None of these

6. निम्नांकित में से किस बाजार में फर्में स्वतंत्र रूप से मूल्य निर्धारित नहीं कर सकती?

(A) एकाधिकारी (B) पूर्ण प्रतियोगता

(C) अपूर्ण प्रतियोगिता (D) अल्पाधिकार

In which of the following markets firm can't determine price independently ?

(A) Monopoly (B) Perfect-Competition

(C) Imperfect Competition (D) Oligopoly

7. बाजार मूल्य साम्य मूल्य से –

(A) अधिक होता है (B) कम होता है

(C) बराबर होता है (D) इनमें से सभी

Market price is -

(A) more than equilibrium price (B) less than equilibrium price

(C) equal to equilibrium price (D) All of these

8. किस बाजार में वस्तुएँ एक सी कीमत पर बेची जाती है ?

(A) पूर्णप्रतियोगिता (B) अपूर्ण प्रतियोगिता

(C) एकाधिकार (D) इनमें से सभी

In which market commodities are sold at the same price ?

(A) Perfect Competition (B) Imperfect Competition

(C) Monopoly (D) All of these



BiharboardQuestionpaper.com

9. निम्नांकित में से कौन अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्या है ?

(A) क्या उत्पादन किया जाय

(B) कैसे उत्पादन किया जाय

(C) उत्पादित वस्तुओं का अर्थव्यवस्था में वितरण कैसे किया जाय

(D) उपर्युक्त सभी

Which of the following is central problem of the economy ?

(A) What to produce

(B) How to produce

(C) How to distribute produced goods in the economy

(D) All the above

10. किस साधन में अल्पकाल में कोई परिवर्तन नहीं होता ?

(A) मानव साधन (B) भौतिक साधन

(C) स्थिर साधन (D) परिवर्ती साधन

In which factor there is no change in the short period ?

(A) Human factor (B) Physical factor

(C) Fixed Factor (D) Variable factor

11. निम्नलिखित में से कौन उत्पत्ति का साधन नहीं है ?

(A) भूमि (B) श्रम

(C) मुद्रा (D) पूंजी

Which of the following is not a factor of production ?

(A) Land (B) Labour



BiharboardQuestionpaper.com

(C) Money (D) Capital

12. निम्नांकित में से कौन मांग की लोच मापने की विधि है ?

(A) कुल व्यय प्रणाली (B) बिन्दु प्रणाली

(C) प्रतिशत या आनुपातिक विधि (D) इनमें से सभी

Which of the following is the method of measurement of Elasticity of Demand ?

(A) Total outlay method

(B) Point method

(C) Percentage or Proportionate method

(D) All of these

13. निम्न में से किसने अर्थशास्त्र की विकास जनित परिभाषा प्रस्तुत की ?

(A) मार्शल (B) पीगू

(C) सेम्युलसन (D) रॉबिन्स

Out of the following who presented the development-oriented definition of Economics ?

(A) Marshall (B) Pigou

(C) Samuelson (D) Robbins

14. ''अर्थशास्त्र धन का विज्ञान है'' किसने कहा ?

(A) मार्शल (B) सेम्युलसन

(C) रॉबिन्स (D) एडम स्मिथ

"Economics is the Science of Wealth", Who said ?


BiharboardQuestionpaper.com

(A) Marshal (B) Samuelson

(C) Robbins (D) Adam Smith

15. निम्नलिखित में से कौन कार्य केन्द्रीय बैंक का नहीं है ?

(A) साख नियंत्रण (B) साख सृजन

(C) सरकारी बैंकर (D) नोटों का निर्गमन

Which of the following function is not concerned with the Central Bank ?

(A) Credit Control (B) Credit Creation

(C) Government Banker (D) Note-Issue

16. निम्नांकित में से कौन भारत का केन्द्रीय बैंक है ?

(A) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (B) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया

(C) बैंक ऑफ इण्डिया (D) भारतीय रिजर्व बैंक

Which of the following is Central Bank in India ?

(A) Sate Bank of India

(B) Central Bank of India

(C) Bank of India

(D) Reserve Bank of India

17. भारत में किसने 2000 रूपये के नोट का निर्गमन किया है ?

(A) भारत सरकार का वित्त विभाग (B) भारतीय रिजर्व बैंक

(C) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (C) इनमें से कोई नहीं

In India who has issued the Notes of Rs. 2000 ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) Department of Finance, Government of India

(B) Reserve Bank of India

(C) State Bank of India

(D) None of these

18. तरलता कोषानुपात में वृद्धि से मुद्रा की मात्रा –

(A) स्थिर रहती है (B) घट जाती है

(C) बढ़ जाती है (D) इनमें कोई नहीं

With the increase in Liquidity Reserve ratio the quantity of money-

(A) remains constant (B) decreases

(C) increases (D) None of these

19. ह्रासमान पैमान के प्रतिफल में –

(A) आन्तरिक एवं बाह्य हानियाँ प्राप्त होती हैं।

(B) आंतरिक एवं बाह्य मितव्ययिताएँ (सुलाभ) प्राप्त होती हैं।

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

In Diminishing Returns to scale –

(A) Internal and External diseconomies are received

(B) Internal and External economies are received

(C) (A) and (B) both

(D) None of these

20. निम्नलिखित में से कौन ''गोसेन का प्रथम नियम है'' ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) माँग का नियम

(B) सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम

(C) सम–सीमान्त उपयोगिता नियम

(D) क्रमागत उत्पत्ति समता नियम

Which of the following is "First Law of Gossen" ?

A. Law of Demand

B. Law of Diminishing Marginal Utility

C. Law of Equi-Marginal Utility

D. Law of Constant Returns

21. उत्पादन संभावना वक्र (PPC) का प्रयोग निम्न में से किसके विश्लेषण में होता है?

(A) बेरोजगारी की समस्या एवं प्रौद्योगिकी प्रगति हेतु

(B) अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्याओं के समाधान हेतु

(C) अर्थव्यवस्था के विकास के विभिन्न पहलुओं के विश्लेषण हेतु

(D) इनमें से सभी

Production Possibility Curve (PPC) is applied in which of the following analysis ?

A. for problem of unemployment and technological progress

B. for solution of central problems of economy

C. for analysis of various aspects of economic development of the economy

D. All of these

22. मौद्रिक लागत में निम्नलिखित में किसे सम्मिलित किया जाता है ?

(A) सामान्य लाभ

(B) व्यक्त / स्पष्ट लागत

BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

(C) अव्यक्त/अस्पष्ट लागात (D) उपर्युक्त सभी

Which of the following is included in money cost ?

(A) Normal Profit (B) Explicit Cost

(C) Implicit cost (D) All the above

23. निम्नांकित में कौन सही है ?

(A) कुल लाभ = औसत लागत (AC) x कुल इकाई

(B) कुल लाभ = कुल आगम (TR) – कुल लागत (TC)

(C) कुल लाभ = औसत लागत (AC) + औसत आगम (AR)

(D) इनमें सभी

Which of the following is correct ?

A. Total profit = Average Cost (AC) x Total unit

B. Total profit = Total Revenue (TR) – Total Cost (TC)

C. Total profit = Average Cost (AC) + Average Revenue (AR)

D. All of these

24. पूर्ति वक्र के खिसकने (शिफ्ट) से, शेष बचता है –

(A) एक ही पूर्ति रेखा होती है। (B) कई पूर्ति वक्र होते हैं।

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

Due to shift of supply curve there remains -

(A) Only one supply curve remains

(B) Many supply curves remain

(C) (A) and (B) both



BiharboardQuestionpaper.com

(D) None of these

25. विक्रय लागत किस बाजार की विशेषता है ?

(A) एकाधिकार | (B) पूर्ण प्रतियोगिता

(C) एकाधिकारी प्रतियोगिता | (D) इनमें से कोई नहीं

Selling cost is a feature of which market ?

(A) Monopoly | (B) Perfect Competition

(C) Monopolistic Competition | (D) None of the these

26. पैमाने का प्रतिफल लक्षण है –

(A) अल्पकालीन उत्पादन फलन का | (B) दीर्घकालीन उत्पादन फलन का

(C) (A) और (B) दोनों | (D) इनमें से कोई नहीं

Returns to scale is feature of –

(A) Short run production function

(B) Long run production

(C) (A) and (B) both

(D) None of these

27. ''द जेनरल थ्योरी ऑफ इम्प्लायमेन्ट, इंटरेस्ट एण्ड मनी'' के कौन रचयिता हैं ?

(A) रिकार्डो | (B) डोमर

(C) कीन्स | (D) रॉबर्ट्सन

Who is the author of "The General Theory of Employment, Interest and Money" ?

(A) Ricardo | (B) Domar



BiharboardQuestionpaper.com

(C) Keynes (D) Robertson

28. निम्न में से कौन प्रवाह चर नहीं है ?

(A) पूंजी (B) आय

(C) निवेश (D) घिसावट

Which of the following is not a flow variable ?

(A) Capital (B) Income

(C) Investment (D) Depreciation

29. मैक्रो शब्द किस भाषा से संबंधित है ?

(A) ग्रीक (B) लैटीन

(C) फ्रेन्च (D) इनमें से कोई नहीं

Macro word is related to which language ?

(A) Greek (B) Latin

(C) French (D) None of these

30. राष्ट्रीय आय और रोजगार के सिद्धान्त का अध्ययन संबंधित है –

(A) व्यष्टि अर्थशास्त्र से (B) समष्टि अर्थशास्त्र से

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं।

The study of National Income and Theory of Employment is related to –

(A) Micro Economics (B) Macro Economics

(C) (A) and (B) both (D) None of these

31. मैक्रो अर्थशास्त्र निम्नांकित में से किसका अध्ययन करने में प्रासंगिक है –



BiharboardQuestionpaper.com

(A) आर्थिक विकास का (B) कल्याण का

(C) आर्थिक तुलना का (D) उपर्युक्त सभी

Macro-Economics is relevant in study of which of the following –

(A) Economic Development (B) Welfare

(C) Economic Comparision (D) All the above

32. बाजार–मूल्य निर्धारण में निम्नांकित में से कौन अहम भूमिका निभाता है ?

(A) माँग (B) पूर्ति

(C) माँग एवं पूर्ति दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

Which of the following plays dominant role in determination of market price?

(A) Demand (B) Supply

(C) Demand and Supply both (D) None of these

33. निम्नांकित में से कौन उपकरण मौद्रिक नीति के परिमाणात्मक नियंत्रण के उपकरण में नहीं आता ?

(A) बैंक दर (B) वैधानिक तरलता अनुपात

(C) नकद कोष (D) उपभोक्ता साख नियमन

Which of the following tool of monetary policy does not come under the tools of quantitative control ?

(A) Bank rate

(B) Statutory Liquidity Ratio (SLR)

(C) Cash Reserve Ratio



BiharboardQuestionpaper.com

(D) Regulation of consumer's credit

34. यदि कुल उपभोग C हो तथा कुल आय Y हो तो औसत उपभोग प्रवृति (APC) का मान होगा –

(A) $\frac{\text{कुल आय}}{\text{कुल उपभोग}}$ (B) $\frac{\text{कुल उपभोग}}{\text{कुल आय}}$

(C) कुल उपभोग + कुल आय (D) कुल उपभोग – कुल आय

If total consumption is C and Total income is Y, then the value of APC (Average Propensity to consume) is –

(A) $\frac{Total\ Income}{Total\ Consumption}$

(B) $\frac{Total\ Consumption}{Total\ Income}$

(C) Total Consumption + Total Income

(D) Total Consumption – Total Income

35. भुगतान संतुलन का निम्न में से कौन सी विशेषता है ?

(A) क्रमबद्ध लेखा (B) निश्चित समय अवधि

(C) व्यापकता (D) उपर्युक्त सभी

Which one is the feature of Balance of Payment ?

(A) Systematic Account (B) Fixed Time Period

(C) Comprehensiveness (D) All the above

36. मुद्रा स्फीति की स्थिति में मुद्रा की क्रयशक्ति –

(A) बढ़ जाती है (B) घट जाती है

(C) स्थिर रहती है (D) इनमें से कोई नहीं

In case of inflation, purchasing power of money –



BiharboardQuestionpaper.com

(A) Increases (B) Decreases

(C) Remains Constant (D) None of these

37. निम्नांकित में से किसमें उत्पादन के सभी साधनों में परिवर्त्तन संभव है ?

(A) बाजार अवधि में (B) अल्पकाल में

(C) दीर्घकाल में (D) इनमें से कोई नहीं

Under which of the following, changes in all factors of production is possible ?

(A) Market period (B) Short period

(C) Long period (D) None of these

38. पैमाने का क्रमागत उत्पत्ति वृद्धि नियम तभी लागू होता है जब –

(A) मितव्ययिताएँ अमितव्ययिताओं से अधिक हो

(B) मितव्ययिताएँ और अमितव्ययिताएँ बराबर हों

(C) अमितव्ययिताएँ मितव्ययिताओं से अधिक हों

(D) इनमें से सभी

Law of Increasing Returns to scale applies only when –

(A) economies exceeds the diseconomies

(B) economies and diseconomies are equal

(C) diseconomies exceed the economies

(D) All of these

39. निम्न में से किसने भुगतान शेष की परिभाषा दी ?

(A) मार्शल (B) बेन्हम



BiharboardQuestionpaper.com

(C) कीन्स　　　　(D) कैनन

Who among the following has defined Balance of payment ?

(A) Marshall　　　　(B) Benham

(C) Keynes　　　　(D) Cannon

40. सेब और संतरा की कीमत में वृद्धि होने से सेब और संतरा की माँग में होने वाले परिवर्तन को कहा जाता है –

(A) विस्तार　　　　(B) संकुचन

(C) वृद्धि　　　　(D) ह्रास

Changes in the demand of apple and orange due to increase in their prices is called -

(A) Extension　　　　(B) Contraction

(C) Increase　　　　(D) Decrease

41. डीजल की कीमत की वृद्धि से ट्रक की माँग –

(A) बढ़ जाती है　　　　(B) घट जाती है

(C) स्थिर रहती है　　　　(D) कोई परिवर्तन नहीं होता

Due to increase in the price of Diesel the demand of Truck -

(A) increases　　　　(B) decreases

(C) remains constant　　　　(D) there is no change

42. इनमें कौन सा कर प्रत्यक्ष कर है ?

(A) जी एस टी　　　　(B) उत्पाद शुल्क

(C) सीमा कर　　　　(D) संपत्ति कर



BiharboardQuestionpaper.com

Which of the following tax is direct tax ?

(A) GST (B) Excise duty

(C) Custom duty (D) Property tax

43. निम्नलिखित में से कौन कर प्रगतिशील कर है ?

(A) आय कर (B) बिक्री कर

(C) रेल भाड़ा (D) जी एस टी

Which of the following is progressive tax ?

(A) Income tax (B) Sales tax

(C) Rail fare (D) GST

44. निम्नलिखित में से कौन कर राज्यों द्वारा लगाया जाता है ?

(A) मनोरंजन कर (B) स्टाम्प–शुल्क

(C) भू राजस्व (D) उपर्युक्त सभी

Which of the following Tax is imposed by the state government ?

(A) Entertainment Tax (B) Stamp Duty

(C) Land Revenue (D) All the above

45. अगर सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति (MPC) का मान $\frac{1}{4}$ है, तो निवेश गुणक होगा –

(A) 2 (B) 3

(C) $\frac{4}{3}$ (D) इनमें से कोई नहीं

If the value of Marginal Propensity to consume (MPC) is $\frac{1}{4}$ then Investment Multiplier is -



BiharboardQuestionpaper.com

(A) 2

(B) 3

(C) $\frac{4}{3}$

(D) None of these

46. निम्नांकित में से कौन गैर कर राजस्व है ?

(A) लाभांश

(B) जी एस टी

(C) निगम कर

(D) आय कर

Which of the following is Non-tax revenue ?

(A) Dividend

(B) GST

(C) Corporate Tax

(D) Income tax

47. अवसर लागत क्या है ?

(A) वह विकल्प जिसका परित्याग कर दिया गया

(B) खोया हुआ अवसर

(C) हस्तान्तरण आय

(D) इनमें से सभी

What is opportunity cost ?

(A) The alternative which is foregone

(B) The opportunity lost

(C) Transfer Earning

(D) All of these

48. यदि p = वस्तु की कीमत और d = वस्तु की माँग है, तो माँग की लोच है –

(A) $\frac{\Delta p}{\Delta d}$

(B) . $\frac{\%\Delta p}{\%\Delta d}$



BiharboardQuestionpaper.com

(C) . $\frac{\Delta d}{p}$ (D) . $\frac{\%\Delta d}{\%\Delta p}$

If price of commodity is p and the demand of ommodity is d, then Elasticity of demand is -

(A) $\frac{\Delta p}{\Delta d}$ (B) . $\frac{\%\Delta p}{\%\Delta d}$

(C) . $\frac{\Delta d}{p}$ (D) . $\frac{\%\Delta d}{\%\Delta p}$

49. उदासीनता वक्र विश्लेषण निम्नांकित में से किन प्रभावों को विश्लेषित करता है ?

(A) केवल कीमत प्रभाव (B) केवल आय–प्रभाव

(C) केवल प्रतिस्थापन प्रभाव (D) उपयुक्त सभी

Which of the following effects are analysed in Indifference Curve analysis ?

(A) only price effect (B) only income effect

(C) only substitution effect (D) all the above

50. अति अल्पकाल में पूर्त्ति वक्र होता है –

(A) पूर्णतः लोचदार (B) पूर्णतः बेलोचदार

(C) लोचदार (D) इनमें से कोई नहीं

In very short period, supply curve is -

(A) Perfectly Elastic (B) Perfectly Inelastic

(C) Elastic (D) None of these

51. किस बाजार स्वरूप में संसाधन का सबसे अधिक कुशल आवंटन होता है?

(A) पूर्ण प्रतियोगिता (B) अल्पाधिकार



BiharboardQuestionpaper.com

(C) एकाधिकार प्रतियोगिता (D) एकाधिकार

Which market leads to the most efficient allocation of resources?

(A) Perfect Competition (B) Oligopoly

(C) Monopolistic Competition (D) Monopoly

52. $NDP_{MP}$ =

(A) $GDP_{MP}$ – घिसावट (B) $GDP_{MP}$ + घिसावट

(C) $GDP_{MP}$ + अप्रत्यक्ष कर (D) None of these

$NDP_{MP}$ =

(A) $GDP_{MP}$ – Depreciation (B) $GDP_{MP}$ + Depreciation

(C) $GDP_{MP}$ + Indirect Tax (D) None of these

53. किसने कीमत निर्धारण प्रक्रिया में 'समय तत्व' का विचार प्रस्तुत किया ?

(A) वालरस (B) जे के मेहता

(C) मार्शल (D) रिकार्डो

Who gave the concept of 'Time Element' in price determination process ?

(A) Walras (B) J. K. Mehta

(C) Marshall (D) Ricardo

54. किसी वस्तु की मानवीय आवश्यकताओं को संतुष्ट करने की क्षमता है –

(A) उपभोग (B) उपयोगिता



BiharboardQuestionpaper.com

(C) गुण (D) रूचि

The capacity of a commodity to satisfy human wants is –

(A) Consumption (B) Utility

(C) Quality (D) Taste

55. इनमें किनका संबंध जनसंख्या के इष्टतम सिद्वांत से है?

(A) एच. डाल्टन (B) ई. केनन

(C) कार सौन्डर्स (D) टी. आर. माल्थस

Who among the following is associated with the Optimum Theory of population?

(A) H. Dalton (B) E. Canon

(C) Carr-Saunders (D) T.R. Malthus

56. निम्नांकित में से कौन सेबी (SEBI) का कार्य है?

(A) प्राथमिक एवं द्वितीयक प्रतिभूति बाजार का विनियमन

(B) सार्वजनिक ऋण का विनियमन

(C) वस्तु बाजार का विनियमन

(D) मुद्रा बाजार का विनियमन

Which amongst the following is the function of SEBI?

(A) Regulation of primary or secondary security market.

(B) Regulation of public debt.



BiharboardQuestionpaper.com

(C) Regulation of commodity market.

(D) Regulation of money market.

57. निम्न में से कौन प्राथमिक क्षेत्र में शामिल है ?

(A) भूमि (B) वन

(C) खनन (D) इनमें से सभी

Which of the following is included in Primary sector ?

(A) Land (B) Forest

(C) Mining (D) All of these

58. जब MC=AC, तो औसत लागत की ढाल होती है –

(A) धनात्मक (B) ऋणात्मक

(C) शून्य (D) अनन्त

When MC=AC then slope of Average Cost is -

(A) Positive (B) Negative

(C) Zero (D) Infinite

59. सामान्यतया आय कर किस सिद्धांत पर आधारित होता है?

(A) लाभ प्राप्ति का सिद्धांत (B) कर देने की इच्छा का सिद्धांत

(C) करदान क्षमता का सिद्धांत (D) इनमें से कोई नहीं।

Generally on which principle Income tax is based?

(A) Principle of Profit earning



BiharboardQuestionpaper.com

(B) Principle of willingness & pay

(C) Prinicple of Taxbale capacity

(D) None of these

60. निम्न में कौन वस्तु कर है?

(A) आय कर (B) उपहार कर

(C) संपत्ति कर (D) अतिरिक्त उत्पाद शुल्क

Which of the following is commodity tax?

(A) Income Tax (B) Gift Tax

(C) Wealth Tax (D) Additional Excise duty.

61. किनके सुझाव के आधार पर आय कर से संग्रहित राशि केन्द्र द्वारा राज्यों के बीच वितरित की जाती है?

(A) नीति आयोग (B) चुनाव आयोग

(C) वित्त आयोग (D) इनमें से कोई नहीं।

On whose recommendation the collected amount from Income tax is allocated among the states by the centre?

A. NITI Ayog (B) Election commission

(C) Finance commission (D) None of these

62. बाजार की असफलता का कारण है –



BiharboardQuestionpaper.com

(A) बाजार शक्ति (B) गरीबी

(C) निजी वस्तुएँ (D) बाह्यताएँ

Market failure is caused by -

(A) Market power (B) Poverty

(C) Private goods (D) Externalities

63. भुगतान शेष मे कौन–सी मदें सम्मिलित हैं ?

(A) दृश्य मदें (B) अदृश्य मदें

(C) पूंजी अन्तरण (D) इनमें से सभी

Which items are included in Balance of Payments ?

(A) Visible items (B) Invisible items

(C) Capital transfer (D) All of these

64. अल्पकालीन उत्पादन की दशा में एक विवेकशील उत्पादक किस अवस्था में उत्पादन करना पसन्द करेगा ?

(A) प्रथम अवस्था (B) द्वितीय अवस्था

(C) तृतीय अवस्था (D) इनमें से कोई नहीं

In which stage of production a rational producer likes to produce in Short-Run Production?

(A) First stage (B) Second stage

(C) Third stage (D) None of these

65. औसत परिवर्त्तनशील लागत क्या है ?

(A) कुल परिवर्त्तनशील लागत x उत्पाद



BiharboardQuestionpaper.com

(B) कुल परिवर्त्तनशील लागत + उत्पाद

(C) कुल परिवर्तनशील लागत – उत्पाद

(D) कुल परिवर्त्तनशील लागत ÷ उत्पाद

What is Average variable cost ?

(A) Total variable cost x Qauntity

(B) Total variable cost + Quantity

(C) Total variable cost – Quantity

(D) Total variable cost ÷ Quantity

66. श्रम–माँग वक्र में वामावर्ती विचलन का कारण होता है –

(A) मजदूरी दर में कमी

(B) मजदूरी दर में वृद्धि

(C) श्रम की सीमान्त उत्पादकता में वृद्धि

(D) श्रम की सीमान्त उत्पादकता में कमी

A leftward shift in labour demand curve is caused by-

A. Decrease in wage rate

B. Increase in wage rate

C. Increase in marginal productivity of labour.

D. Decrease in marginal productivity of labour.

67. एक अर्थव्यवस्था में उत्पादन संसाधनों का स्वामित्व किस क्षेत्र के अधीन होता है?

(A) वाह्य क्षेत्र (B) परिवार क्षेत्र



BiharboardQuestionpaper.com

(C) उत्पादन क्षेत्र

(D) सरकारी क्षेत्र

With which of the sectors the ownership of factors of production lies in an economy ?

(A) External Sector

(B) Household sector

(C) Production sector

(D) Government sector

68. भुगतान शेष का घटक है –

(A) चालू खाता

(B) पूंजी खाता

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

The component of Balance of payment is –

(A) Current Account

(B) Capital Account

(C) (A) and (B) both

(D) None of these

69. किस मूल्य पर वास्ताविक सकल घरेलू उत्पाद मापा जाता है?

(A) आधार वर्ष कीमतों पर

(B) वर्तमान कीमतों पर

(C) स्थिर कीमतों पर

(D) (A) और (B) दोनों

At what price real GDP is measured?

(A) At base year prices

(B) At current prices

(C) At constant prices

(D) (A) and (B) both

70. एक मध्यवर्त्ती वस्तु के रूप में मुद्रा ने किस प्रक्रिया को सरल कर दिया है?

(A) मूल्य संचय

(B) मूल्य मापन

(C) लेन–'देन (विनिमय)

(D) इनमें से सभी



BiharboardQuestionpaper.com

Money as an intermediary good has made which process simpler?

A. Store of value (B) Measurement of price

(C) Exchange (D) All of these.

71. निम्नांकित में से किन कारणों के चलते उत्पादन संभावना वक्र की ढ़ाल नतोदर होती है?

(A) समान अवसर लागत (B) ह्रासमान अवसर लागत

(C) ऋणात्मक अवसर लागत (D) बढ़ती अवसर लागत

Due to which of following reason the slope of production possibility curve is concave ?

(A) Constant opportunity cost

(B) Decreasing opportunity cost

(C) Negative opportunity cost

(D) Increasing opportunity cost

72. ''एक अर्थशास्त्री का कार्य विश्लेषण करना है, निदान करना नहीं।'' – यह किनका कथन है?

(A) मार्शल (B) रॉबिन्स

(C) सीनियर (D) कीन्स



BiharboardQuestionpaper.com

"The role of an economist is to analyse not to prescribe".

Whose statement is this?

(A) Marshall (B) Robbins

(C) Senior (D) Keynes

73. किस स्थिति में उत्पत्ति समता नियम क्रियाशील होती है –

(A) MP > AP (B) MP < AP

(C) MP = AP (D) TP = AP

At which situation Law of Constant return is in operation ?

(A) MP > AP (B) MP < AP

(C) MP = AP (D) TP = AP

74. अर्थव्यवस्था में दुर्लभता की समस्या का कारण है –

(A) असीमित संसाधन (B) सीमित संसाधन

(C) पर्याप्त संसाधन (D) इनमें से कोई नहीं।

The cause of problem of scarcity in the ecomony is -

(A) Unlimited resources (B) Limited resources

(C) Sufficient resources (D) None of these.

75. आधुनिक अर्थशास्त्रियों के अनुसार उत्पादन के साधनों का पारिश्रमिक निम्नांकित में से किस पर निर्भर करता है?

(A) साधन की माँग (B) साधन की पूर्ति



BiharboardQuestionpaper.com

(C) साधन की माँग एवं पूर्ति (D) साधन की सीमान्त उत्पादकता।

According to modern economists the remuneration of factor of production depends on which of the following?

(A) Demand of the factor

(B) Supply of factor

(C) Demand and Supply of factor

(D) Marginal productivity of factor.

76. किस वर्ष अर्थशास्त्र का अध्ययन ''माइक्रो अर्थशास्त्र'' और ''मैक्रो अर्थशास्त्र'' में विभक्त हुआ?

(A) 1930 (B) 1931

(C) 1935 (D) 1936

In which year the study of Economics was divided between Micro Economics and Macro Economics?

(A) 1930 (B) 1931

(C) 1935 (D) 1936

77. विश्व व्यापी महान मंदी कब हुई?

(A) 1925 (B) 1929–39

(C) 1935 (D) 1946

When did the global great depression take place?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) 1925 (B) 1929 – 39

(C) 1935 (D) 1946

78. एक मिश्रित अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्याओं का समाधान किसके द्वारा होता है?

(A) मूल्य नियंत्रण (B) बाजार तंत्र

(C) योजना तंत्र (D) उपर्युक्त सभी

By which of the following the central problems of a mixed economy is resolved ?

(A) Price control (B) Market mechanism

(C) Planning mechanism (D) All of the above.

79. निम्न में से किसमें कुछ आगतें स्थिर रहती हैं ?

(A) दीर्घकाल में (B) अल्पकाल

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं।

In which of the following few inputs remain fixed?

(A) In the Long run (B) In the short run

(C) (A) and (B) both (D) None of these

80. निम्नांकित में से कौन संयोग पूरक वस्तुओं का है?

(A) चाय और कॉफी (B) कलम और स्याही

(C) रोटी और चावल (D) इनमें से कोई नहीं।



BiharboardQuestionpaper.com

Which of the following is the combination of complementary goods?

(A) Tea and Coffee (B) Pen and Ink

(C) Bread and Rice (D) None of these

81. निम्नांकित संयोग में से स्थानापन्न वस्तुएँ कौन है ?

(A) ब्रेड एवं मक्खन (B) सरसों तेल और रिफाइन्ड तेल

(C) रोटी–दाल (D) कुर्सी और टेबुल

Which of following is the combination of Substitute goods?

(A) Bread and Butter (B) Mustard oil and Refined oil

(C) Bread and Pulse (D) Chair and Table

82. निम्नांकित में कौन माँग–वक्र पूर्णतया बेलोचदार होता है?

(A) उर्ध्वाधर माँग वक्र

(B) रैखिक माँग वक्र

(C) आयताकार अतिपरवलय माँग वक्र

(D) इनमें से सभी

Which of following demand curve is perfectly inelastic?

(A) Vertical demand curve

(B) Straight line demand curve

(C) Rectangular hyperbola demand curve



BiharboardQuestionpaper.com

(D) All of these.

83. अगर औसत आगम (AR) और औसत लागत (AC) बराबर (AR=AC) हों तो किस प्रकार की स्थिति रहती है?

(A) सामान्य लाभ (B) हानि

(C) अधिसामान्य लाभ (D) इनमें से कोई नहीं।

What kind of situation exists when Average Revenue (AR) and Average cost (AC) are equal (AR = AC)?

(A) Normal profit (B) Loss

(C) Super normal profit (D) None of these

84. निम्नांकित में से कौन नियम कृषि में लागू होता है?

(A) उत्पत्ति वृद्धि नियम (B) उत्पत्ति समता नियम

(C) उत्पत्ति ह्रास नियम (D) इनमें से कोई नहीं।

Which of the following law is applicable in agriculture?

(A) Law of Increasing Returns

(B) Law of Constant Returns

(C) Law of Diminishing Returns

(D) None of these

85. भौतिक आदाओं (Inputs) तथा प्रदाओं (outputs) के फलनीय संबंध को क्या कहते हैं?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) उपभोग फलन (B) उत्पादन फलन

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं।

What is functional relationship between physical inputs and physical outputs called ?

(A) Consumption function (B) Production function

(C) (A) and (B) both (D) None of these

86. ''संतुलन वह स्थिति है जिसमें गति की शुद्ध प्रवृत्ति न हो'' निम्नांकित में से किनका कथन है?

(A) बोल्डिंग (B) स्टिगलर

(C) मार्शल (D) हिक्स

"An equilibrium is a position from which these is no net tendency to move." Whose statement is this ?

(A) Boulding (B) Stigler

(C) Marshall (D) Hicks.

87. वस्तु की एक अतिरिक्त इकाई को बेचने से जो कुल आगम में वृद्धि होती है उसे कहते हैं –

(A) औसत आगम (AR) (B) सीमान्त आगम

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं।



BiharboardQuestionpaper.com

An increase in the total Revenue (TR) due to the sale of an additional unit of the commodity is called -

(A) Average Revenue (AR) (B) Marginal Revenue (MR)

(C) (A) and (B) both (D) None of these

88. मुद्रा का कौन कार्य गौण कार्य है?

(A) विनियम का माध्यम (B) मूल्य का मापक

(C) तरल साधन (D) स्थगित भुगतान

Which is the secondary function of money ?

(A) Medium of exchange (B) Measure of value

(C) Liquid Asset (D) Deferred payment.

89. ''मुद्रा वह है जो मुद्रा का कार्य करे।'' यह किसने कहा है?

(A) हार्टले विदर्स (B) वाकर

(C) क्राउथर (D) कीन्स

"Money is what money does". Who has stated this?

(A) Hartley Withers (B) Walker

(C) Crowther (D) Keynes.

90. '' मुद्रा वह धुरी है जिसके आसपास अर्थ विज्ञान चक्कर लगाता है।'' यह किसका कथन है?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) हार्टले विदर्स (B) एफ. ए. वाकर

(C) एस. ई. थामस (D) मार्शल

"Money is the pivot around which the economic science clusters." Whose statement is this?

(A) Hartley Withers (B) F. A. Walker

(C) S. E. Thomas (D) Marshall.

91. निम्नांकित में कौन केन्द्रीय बैंक द्वारा साख नियंत्रण की गुणात्मक विधि नहीं है?

(A) साख की राशनिंग (B) प्रत्यक्ष कार्यवाही

(C) वैधानिक कोषानुपात में (SLR) परिवर्तन (D) नैतिक दबाव

Which of the following is not the qualitative method of credit control of Central Bank?

(A) Rationing of credit

(B) Direct Action

(C) Changes in Statutory Liquidity (SLR)

(D) Morel Suasion

92. भारत में निम्नांकित में से कौन सभी बैकों का बैंक हैं?

(A) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (B) केनरा बैंक

(C) भारतीय रिजर्व बैंक (D) आईसीआईसीआई बैंक

Which of the following is Banker's Bank?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) State Bank of India (B) Canara Bank

(C) Reserve Bank of India (D) ICICI Bank

93. भारत में कौन सी अर्थव्यवस्था विद्यमान है ?

(A) समाजवादी अर्थव्यवस्था (B) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था

(C) साम्यवादी अर्थव्यवस्था (D) मिश्रित अर्थव्यवस्था

In India which kind of economy exists ?

(A) Socialistic economy (B) Capitalist economy

(C) Communist economy (D) Mixed economy

94. निम्नांकित में से कौन आर्थिक प्रणाली का आधार है ?

(A) संस्थागत आधार (B) वैचारिक आधार

(C) तकनीकी आधार (D) उपर्युक्त सभी

Which one of the following is basis of an economic system ?

(A) Institutional basis (B) Ideological basis

(C) Technological basis (D) All the above

95. किनके अनुसार जनसंख्या वृद्धि का आधार ज्यामितिक क्रम 1, 2, 4, 8, 16, 32, 64, 128 ........... है?

(A) एडम स्मिथ (B) जेवन्स

(C) माल्थस (D) रिकार्डो



BiharboardQuestionpaper.com

According to whom the basis of population growth is geometrical progression i.e. 1, 2, 4, 8, 16, 32, 64, 128, ...........?

(A) Adam Smith (B) Jevons

(C) Malthus (D) Ricardo

96. ''अनुकूलतम जनसंख्या वह होती है जो प्रति व्यक्ति अधिकतम आय प्रदान करे।'' किसने कहा है ?

(A) रॉबिन्स (B) माल्थस

(C) डॉल्टन (D) एडम स्मिथ

"Optimum population is that population which gives the maximum income per head", Who has started?

(A) Robbins (B) Malthus

(C) Dalton (D) Adam Smith

97. निम्नांकित में से कौन स्पष्ट लागतें हैं ?

(A) कच्चे माल पर व्यय

(B) विज्ञापन, बीमा और करों के भुगतान पर व्यय

(C) श्रमिकों की मजदूरी

(D) इनमें से सभी

Which of following consist of Explicit cost ?

(A) Expenses over raw-material

(B) Expenses over advertisement, insurance and payment

(C) Payment of wages to workers



BiharboardQuestionpaper.com

(D) All of these

98. निवेश गुणक की अवधारणा किसने प्रस्तुत किया ?

(A) आर0 एफ0 काहन (B) कीन्स

(C) हैरोड (D) डोमर

Who presented the concept of Investment multiplier ?

(A) R. F. Kahn (B) Keynes

(C) Harrod (D) Domar

99. दीर्घकाल में हम सभी मर जाते हैं।'' किसका कथन है ?

(A) हायेक (B) हैरोड

(C) कीन्स (D) माल्थस

"In the long run we all are dead". Whose statement is this ?

(A) Hayek (B) Harrod

(C) Keynes (D) Malthus

100. किसने कहा, ''पूर्ति अपनी माँग की संरचना स्वयं करती है।''

(A) एडम स्मिथ (B) जे0 बी0 से

(C) जेवन्स (D) मार्शल

Who has stated, "Supply creates its own demand" ?

(A) Adam Smith (B) J. B. Say

(C) Jevons (D) Marshall



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड–ब / Section-B

## लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

प्रश्न संख्या 1 से 30 लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। प्रत्येक उत्तर 40–50 शब्दों में लिखें। (15x2=30)

Question no. 1 to 30 are Short Answer Type. Answer any 15 questions. Each question carries 2 marks. Write answers in 40-50 words each.

(15x2=30)

1. व्यापक अर्थशास्त्र क्या है ?

   What is Macroeconomics ?

2. अवसर लागत क्या है ?

   What is opportunity cost ?

3. सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम किन मान्यताओं पर आधारित है ?

   What are the assumptions of law of diminishing marginal utility ?

4. सम सीमान्त उपयोगिता नियम क्या है ?

   What is law of Equi-marginal utility ?

5. सीमान्त उपयोगिता और औसत उपयोगिता में क्या अंतर है ?

   What is the distinction between Marginal utility and Average utility?

6. मांग अनुसूची क्या है ?

   What is Demand schedule ?

7. मांग की रेखा नीचे की ओर दाहिनी तरफ क्यों झुकी रहती है ?

   Why Demand curve slopes downwards to the right ?



BiharboardQuestionpaper.com

8. अल्पकालीन उत्पादन फलन से आप क्या समझते हैं ?

What do you mean by short run production function ?

9. रोजगार गुणक क्या है ?

What is employment multiplier ?

10. पूर्ति के कौन–2 निर्धारक हैं ?

What are the determinants of supply ?

11. पूर्ति लोच क्या है ?

What is elasticity of supply ?

12. सीमान्त आगम क्या है ?

What is Marginal Revenue ?

13. लाभ कब अधिकतम होता है ?

When is profit maximum ?

14. प्रमुख लागत और अनुपूरक लागत में अंतर स्पष्ट करे ?

Distinguish between prime cost and supplementary cost ?

15. मौद्रिक लागत क्या है ?

What is money cost ?

16. साम्य मूल्य क्या है ?

What is equilibrium price ?

17. बाजार के कौन–कौन रूप हैं ?

What are different forms of market ?

18. एकाधिकार की मुख्य विशेषताओं को बताइये ।



BiharboardQuestionpaper.com

Mention the main features of Monopoly ?

19. मिश्रित अर्थव्यवस्था के तीन लक्षणों को लिखें ।

Write the three characteristics of mixed economy ?

20. उपभोग्य आय को समझाइये ।

Explain disposable income .

21. GDP और NNP में अंतर बताइये ।

Mention the difference between GDP and NNP ?

22. राष्ट्रीय आय मापने की व्यय विधि क्या है ?

What is the expenditure method of measurement of National income ?

23. स्वतंत्र चर क्या है ?

What is independent variable ?

24. सामूहिक माँग–फलन से आप क्या समझते हैं ?

What do you mean by aggregate demand function ?

25. बचत प्रवृत्ति क्या है ?

What is propensity to save ?

26. जीएसटी क्या है ?

What is GST ?

27. अप्रत्यक्ष कर का सोदाहरण वर्णन करे ।

Discuss indirect tax with example ?

28. व्यावसायिक बैंक के दो प्रमुख कार्यों का वर्णन करें ।



BiharboardQuestionpaper.com

Discuss any two functions of commercial bank ?

29. मुद्रा स्फीति की बुराइयों का उल्लेख करें ।

State the evils of inflation .

30. भुगतान संतुलन क्या है ?

What is balance of payment ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

प्रश्न संख्या 31 से 38 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक उत्तर 100–120 शब्दों में लिखें। (4x5=20)

Question no. 31 to 38 are Long answer type . Answer any 4 questions. Each question carries 5 marks. Write answers in 100-120 words each. (4x5=20)

31. समष्टि एवं व्यष्टि अर्थशास्त्र में अंतर स्पष्ट करें ।

Distinguish between Macro and Micro economics.

32. मांग के नियम की व्याख्या करें ।

Explain Law of Demand .

33. उत्पादन फलन की मुख्य विशेष्ताओं का वर्णन करें।

Discuss main characteristics of Production Function ?

34. केन्द्रीय बैंक साख का नियंत्रण कैसे करते हैं ?

How does Central Bank control credit ?

35. भुगतान संतुलन और व्यापार संतुलन में अंतर बताइये ।

Distinguish between Balance of Payment and Balance of Trade.

36. प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर में अंतर स्पष्ट करें ।



BiharboardQuestionpaper.com

Distinguish between Direct and Indirect Tax .

37. एकाधिकार की क्या विशेषताएँ हैं ?

What are the characteristics of Monopoly ?

38. 'मुद्रा एक अच्छी सेविका किन्तु बुरी स्वामिनी है।' व्याख्या करें ।

"Money is a good servant but a bad master ." Explain .

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..